होमोसेप एटम

[स्रोत: पी. आई. बी.](#)

सोलनिास नामक स्टार्टअप द्वारा विकसित **होमोसेप एटम (Homosep Atom),** भारत का पहला [सेप्टिक टैंक/मैनहोल](#) सफाई करने वाला [रोबोट](#) है, जो देश भर में स्वच्छता प्रयासों में क्रांति ला रहा है, मैनुअल स्कैवेंजिंग को एक व्यापक रोबोटिक समाधान के साथ बदल रहा है और [स्वच्छ भारत अभियान](#) को बढ़ावा दे रहा है।

- यह बहुक्रियाशील क्षमताओं के साथ सीवर सफाई को सुव्यवस्थित करता है, लागत पर अंकुश लगाता है और भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में रुकावटों को कम करते हुए रोबोटिक स्वच्छता को बढ़ावा देता है।
  - बड़े परिसरों और व्यक्तिगत आवासों तक अपनी पहुँच बढ़ाते हुए, इसने श्रमिकों की सुरक्षा और दक्षता को प्राथमिकता देते हुए नगरपालिका अपशिष्ट प्रबंधन को बढ़ाया है।
- सोलिनास, IIT मद्रास का एक **[डीप-टेक स्टार्टअप](#),** जल-सीवर पाइपलाइनों के लिये अग्रणी **लघु रोबोट,** विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग-प्रौद्योगिकी बिज़नेस इनक्यूबेटर (DST-TBI) द्वारा सहायता प्राप्त, संदूषण चुनौतियों, जलवायु तकनीकी समाधान तथा सतत् जल प्रबंधन हेतु **[AI](#)-आधारित** पाइपलाइन निदान को संबोधित करते हैं।
- **DST-टेक्नोलॉजी बिज़नेस इन्क्यूबेटर्स (TBI)** को सफल उद्यमों में ज्ञान आधारित नवीन स्टार्ट-अप का समर्थन और पोषण करने के लिये [निधि कार्यक्रम](#) के तहत शैक्षणिक, तकनीकी तथा अनुसंधान एवं विकास संस्थानों में स्थापित किया गया है।

//

और पढ़ें: [मैनुअल स्कैवेंजिंग](#)

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/homosep-atom